हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

4 सोनहत में 100 दिन की मेहनत पूरी करने वाले मजदूरों को मिला सम्मान



## खबर संक्षेप

### भागवत कथा आयोजन को लेकर बैठक



**खड़गवां।** क्षेत्र में आगामी 15 मई से 21 मई तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा को लेकर शुक्रवार को स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में भागवत कथा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की गई तथा सभी जिम्मेदार अधिकारियों को उनके-अपने कर्तव्यों का स्पष्ट निर्देश दिया गया। यह धार्मिक आयोजन जनपद पंचायत के प्रांगण में संपन्न होगा। इसमें दीपू महाराज के मुखारविंद से कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और अच्छी खासी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### जनपद ने 64 परिवारों को दी शौचालय स्वीकृति



**सोनहत।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसुनवाई और त्वरित समाधान की प्रक्रिया में जनपद पंचायत सोनहत द्वारा 64 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्रवाई उन आवेदनों के आधार पर की गई, जिनमें नागरिकों ने समाधान शिविरों के दौरान अपनी समस्याएं रखी थीं। ग्राम कैलाशपुर के शिवमंगल पिता रामदास, ग्राम सलगवांकला की दुर्गावती पति आनंद कुमार और इंद्रेश कुमार देवांगन पिता रामसूरत देवांगन द्वारा शौचालय न होने की समस्या समाधान शिविर में बताई गई थी। अधिकारियों ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पात्रता की पुष्टि कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की। सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन और सुशासन तिहार की भावना को मूर्तरूप देने में यह पहल एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उठाया गया यह कदम ग्रामीण स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन के लिए जरूरी है। संवेदनशीलता और जवाबदेही को दर्शाती है, जो आम नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

### पोषण संगवारी उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण



**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मंथन कक्ष में शुक्रवार को जिला मिशन प्रबंधन इकाई द्वारा उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 220 पोषण संगवारी दीदियों को बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में कम वजन वाले बच्चों की दर को कम करने और गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण व स्वास्थ्य देखभाल कराने के लिए प्रेरक जानकारी साझा की गई। पोषण संगवारी दीदियों को, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और स्व सहायता समूह द्वारा तैयार की जा रही कोरिया मोदक लड्डू के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पोषण संगवारियों को सम्मानित कर उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाएं, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग तथा एनआरएलएम के अधिकारी-कर्मचारी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

---

**दुबई में बजाया भारत का डंका** — राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में शहर, राज्य और देश का नाम किया रोशन

# हौसले को सलाम: 67 वर्षीय कमला देवी मंगतानी बनी अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

उम्र सिर्फ एक संख्या है यह कहावत मनेन्द्रगढ़ की श्रीमती कमला देवी मंगतानी ने सच कर दिखाई है। 67 वर्ष की आयु में जब अधिकतर लोग अपने शरीर की सीमाओं को स्वीकार कर बैठते हैं, तब कमला देवी ने अपने अटूट संकल्प, अनुशासन और आत्मबल से न सिर्फ जीवन को चुनौती दी, बल्कि राष्टीय और अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में अपने शहर, राज्य और देश का नाम भी रोशन किया। कमला देवी मंगतानी पिछले 30 वर्षों से डायबिटीज जैसी जटिल बीमारी से जूझ रही हैं। एक समय था जब डॉक्टरों ने इलाज से जवाब दे दिया था और चलने-फिरने में असमर्थता के कारण उन्हें बैसाखी थमा दी गई थी। लेकिन जहां एक ओर शरीर जवाब दे रहा था, वहीं दूसरी ओर उनका मनोबल और आत्मविश्वास नई उड़ान भरने को तैयार था। उन्होंने न केवल बैसाखी को छोड़ा बल्कि अपने पैरों पर खड़ा होकर चलना शुरू किया। एक-एक कदम आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जीवन के प्रति एक नया नजरिया अपनाया। कुछ ही वर्षों में उन्होंने खुद को इतना सशक्त बना लिया कि स्थानीय जिम में जाना शुरू कर दिया। पिछले पांच



वर्षों से वे लगातार जिम में नियमित रूप से अभ्यास कर रही हैं। जहां उनके उम्र के लोग रिटायरमेंट के बाद आराम की जिंदगी जीते हैं, वहीं कमला देवी सुबह-सुबह उठकर जिम में पसीना बहाने जाती हैं। जिम में उन्होंने खुद को न केवल फिट किया, बल्कि वजन उठाने (वेटलिफ्टिंग) जैसी कठिन कसरत में भी महारत हासिल कर ली। उनकी मेहनत और जज्बे का परिणाम यह रहा कि उन्होंने विभिन्न स्तरों पर आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। राष्टीय स्तर की प्रतियोगिताओं से शुरू होकर वे धीरे-धीरे अंतरराष्टीय मंच पर पहुंच गईं। अब तक वे 100 से अधिक गोल्ड मेडल जीत चुकी है। इन पुरस्कारों में राष्ट्रीय, अंतरराष्टीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं। सबसे हालिया और गौरवपूर्ण सफलता उन्हें दुबई में आयोजित 11वें अंतरराष्टीय खेल समारोह में प्राप्त हुई। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के सानिध्य में 22 से 28 अप्रैल के बीच हुआ। इसमें दुनियाभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कमला देवी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किए। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल भारत, बल्कि छग राज्य और विशेष रूप से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का नाम रोशन किया।

---

नेताओं के विरोध के बाद वापस लौट गया नपा अमला

# शहर में लगे होर्डिंग्स हटाने पर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर क्षेत्र में लगे होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई शुक्रवार को शुरू की, लेकिन आधे-अधूरे होर्डिंग हटाए जाने के बाद कुछ जनप्रतिनिधियों के विरोध करने के बाद होर्डिंग हटाने की कार्रवाई को बीच में ही रोकना पड़ा। हालत यह रही कि कुछ बड़े होर्डिंग को उतार लिया गया था,जिसे विरोध के बाद फिर से लगा दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा शहर क्षेत्र में अवैध प्लेक्स को हटाने के संबंध में मुनादी कराई थी, इसके बाद शुक्रवार को दोपहर के समय नगर पालिका के कर्मचारी वाहन लेकर बैनर, फैक्सी होर्डिंग को हटाने की कवायद शुरू की, जब टीम स्कूलपारा मुख्य मार्ग किनारे कुछ बड़े होर्डिंग को उतार कर ट्रैक्टर वाहन में रखवाया जा रहा था, इसी दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद होर्डिंग हटाने की कार्रवाई को न केवल रोक दिया गया, बल्कि स्कूलपारा में जिन बडे होर्डिंग हो उतार लिया गया था ,उसे फिर से लगा दिया गया। इसके बाद आगे होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई नहीं हुई। इस तरह नगरीय प्रशासन द्वारा होर्डिंग हटाने की मुहिम को दबाव के कारण स्थगित करना पड़ा। इस दौरान शहर के दोनों ओर कइ फ्लैक्स को हटाया गया। इनमें कई तो विद्युत खंभों में लगे हुए थे। शहर में स्थित प्रत्येक विद्युत पोल पर प्रचार के बोर्ड लगे हुए थे, इनमें से लगभग बोर्ड को हटाने की कार्रवाई की गई, लेकिन बड़े होर्डिंग को दबाव के कारण नहीं हटाया जा सका। इस दौरान केवल शहर के मुख्य मार्ग पर लगे विद्युत खंभे पर लगाए गऐ बनर पोस्टर को हटाने की



हटाए जा रहे होर्डिंग्स।

कार्रवाई की गई, इसके अलावा बड़े होर्डिंग्स अभी भी शहर की शोभा बढ़ा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शहर क्षेत्र में अवैध रूप से लगाए जाने वाले बैनर पोस्टरों पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नगर पालिका प्रशासन द्वारा नहीं किए जाने के कारण ही शहर में अवैध प्रचार सामग्रियों की बाढ़ आ गई है। जगह-जगह बैनर पोस्टर से पटे पडे हैं। अब इस दिशा में नपा को बिना किसी दबाव के शहर क्षेत्र में लगे अवेध होर्डिंग्स पर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है, ताकि की खूबसूरती बनी रहे।

शहर क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स लगाए जाने पर अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण शहर क्षेत्र में अवैध होर्डिंग की बाढ़ आ गई। शहर के मुख्य मार्ग के किनारे हर जगह अवैध होर्डिंग्स दिखाई पड़ते हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं के लिए भी खतरा हैं। सड़क किनारे के कुछ होर्डिंग्स चालकों का ध्यान भटकाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनती है साथ ही कई जगहों पर हो होर्डिंग्स यातायात साइन बोर्ड को भी ढंक देते हैं।

### चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर हटाए

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शुक्रवार को अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की गई, इसके तहत शहर के कुमार चौक एवं फव्वारा चौक पर लगाए गए बैनर फ्लैक्स को हटाया गया। कुमार चौक पर महीनों से चौक के चारो ओर फ्लैक्स लगाए गए थे, इसके कारण कुमार साहब की मूर्ति ढंक गई थी, इससे चौक की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा था, इसी तरह का हाल फव्वारा चौक की भी थी, वहां पर लगाए फ्लैक्स को भी हटाया गया।

---

# जल संरक्षण को लेकर जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- व्यर्थ में बहता है हजारों लीटर पानी

गर्मी के दिनों में पेयजल संकट कई क्षेत्रों में शुरू हो जाती है। जल संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जन सहयोग से आवा पानी झोकी अभियान की शुरूआत कर लोगों को जल संरक्षण के महत्व को बताने की दिशा में ठोस पहल की है, वहीं दूसरी ओर शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोत पर उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पेयजल बेकार बह रहा है।

इस तरह के नजारे कई जगहों पर देखने को मिल जाएंगे। जिस तरह से आवा पानी झोंकी अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत गांव-गांव में ऐसे जल स्त्रोत हैं, जहां पेयजल बेकार बह रहा है, उसे सुरक्षित करने की दिशा में भी प्रयास करने की जरूरत है। जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद के आदर्श ग्राम कटगोड़ी से पहले मुख्य मार्ग पर एक जगह पर पाइप के सहारे आस-पास के लोगों के द्वारा पेयजल प्राप्त किया जाता है। पाइप को सुरक्षित बंद करने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण सप्लाई होने तक पेयजल बर्बाद होते रहता है। उल्लेखनीय है कि ग्राम कटगोड़ी में लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके पेयजल स्त्रोत पर जल संरक्षण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। एक ओर लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर पेयजल बेकार बह रहा है। बूंद-बूंद पानी को बचाने की दिशा में यह लापरवाही पेयजल को बर्बाद प्रतिदिन कर रहा है। इस तरह के हाल एक जगह की नहीं बल्कि जिले के कई जगहों पर देखने को मिल जाएगा।



बह रहा पानी।



सूख रहा जलस्त्रोत।

### शहर में कई जगहो पर बेकार बह रहा पेयजल

बैकुंठपुर शहर क्षेत्र में ही कई जगहों पर पेयजल प्रतिदिन बेकार बहते नजर आता है। जानकारी के अनुसार शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित छग राज्य ग्रामीण बैंक के निकट सार्वजनिक टेंक के पास नीचे पाइप क्षतिग्रस्त होने से प्रतिदिन पेयजल बर्बाद हो रहा है। इसी तरह जल शोधन केन्द्र के पास मुख्य मार्ग पर सड़क के नीचे-पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल प्रतिदिन भारी मात्रा में बर्बाद होकर बह रहा है। उक्त दोनों जगहों पर सुधार कार्य कर प्रतिदिन पेयजल को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है।

---

# 5 से 31 तक लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 17 स्थलों पर होगा समाधान शिविर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है।

सुशासन तिहार के प्रथम चरण (8 से 11 अप्रैल) में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिले के विकासखंड़ बैकुंठपुर एवं सोनहत के साथ तीनों नगरीय निकाय बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा और पटना में शिविर आयोजित करने के लिए जिला एवं खंड़ स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे, जबकि श्रीमती दीपिका नेताम अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुंठपुर, राकेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सोनहत खंड स्तरीय अधिकारी होंगे। सहायक नोडल अधिकारियों में संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ व तकनीकी सहायक शामिल हैं।

सुशासन तिहार 2025

### समाधान शिविर की प्रमुख तिथियां व स्थल

5 मई को बंजारीडांड, 7 मई को तोलगा, 9 मई को पोंडी, 10 मई को कटगोड़ी, 14 मई को छिंदिया, 16 मई को टेंगनी, 17 मई को अकलासरई, 19 मई को फूलपुर, 21 मई को मनसुख, 23 मई को रामगढ़, 26 मई को मोदीपारा, 28 मई को बुडार, 30 मई को सलगवांकला तथा 31 मई को जमगहना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल क्लस्टर ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी सहायक, प्रभारी अधिकारी व संबंधित विभागों के प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। पटना नगर पंचायत के मिनी स्टेडियम में 8 मई, नपा शिवपुर-चरचा के सामुदायिक भवन में 15 मई तथा नपा बैकुंठपुर के मानस भवन में 22 मई को शिविर का आयोजन होगा। नपा बैकुंठपुर के लिए संजय दुबे, शिवपुर-चरचा के लिए वशिष्ठ कुमार ओजा तथा नपं पटना के लिए सिकंदर सिदार को सहायक नोडल अधिकारी व शिविर प्रभारी बनाया गया है।

### कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने वीरेन्द्र



**मनेन्द्रगढ़।** विधायक मनेन्द्रगढ़ श्याम बिहारी जायसवाल एवं मंत्री, आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा प्रभारी मंत्री, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर राम विचार नेताम की अनुशंसा पर जनभागीदारी समिति, शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। घोषित सूची में वीरेन्द्र सिंह राणा अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इसीक्रम में धर्मेन्द्र पटवा, दयाशंकर यादव, मनोज अग्रवाल, उमेश जायसवाल, शैलेष जैन, आदित्य राज डेविड, विवेक अग्रवाल, कैलाश गोयल, राजकुमार गुप्ता, दिलीप सिंह, सुंदरलाल दुग्गड़, मुरलीधर सोनी, शंकरलाल पंसारी, रवि अग्रवाल, जितेन्द्र यादव सदस्य नियुक्त किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। जिला प्रशासन ने सभी नवनामित सदस्यों को बधाई दी देते हुए आशा व्यक्त की है कि समिति शिक्षा के क्षेत्र में जनसहभागिता को और सशक्त बनाएगी।

# कामेश्वर को प्राथमिकता का मिला राशन कार्ड



राशन कार्ड सौंपते अध्यक्ष।

**चरचा कॉलरी।** सुशासन तिहार 2025 के तहत नगर पालिका शिवपुर चरचा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हितग्राही कामेश्वर प्रसाद पिता टालर साय को प्राथमिकता श्रेणी का नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। यह कार्य नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व में किया गया। कामेश्वर प्रसाद द्वारा दिए गए आवेदन पर प्रशासन ने तत्परता से संज्ञान लिया और आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के बाद राशन कार्ड बनाकर सौंपा गया। राशन कार्ड मिलने से हितग्राही को आवश्यक खाद्य सामग्री प्राप्त करने में सुविधा होगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करना है। सुशासन तिहार इसी दिशा में एक सार्थक पहल है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता है। नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों और सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में यह त्वरित कार्रवाई एक मिसाल के रूप में सामने आई है।

---

श्रमवीर स्टेडियम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

# कवि लक्ष्मण नेपाली ने हास्य-व्यंग्य से सबको हंसाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के तत्वावधान में श्रमवीर स्टेडियम में गुरूवार रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

देशभर से आए नामचीन कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। खासकर नेपाल से आए कवि लक्ष्मण नेपाली ने अपनी हास्य-व्यंग्य कविताओं से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र मिश्र धड़कन छत्तीसगढ़ और राधेश्याम मिश्र कानपुर ने किया। मंच पर जिन कवियों ने अपनी





प्रस्तुति दी। इनमें प्रमुख रूप से धर्मेश अविरल फरीदाबाद, विनोद राजयोगी आगरा, दिनेश देहाती, दिनेश गुक्कज प्रतापगढ़, लता शबनम बालाघाट और अतुल उपाध्याय सीधी शामिल रहे। सभी ने अपने-अपने अंदाज में सामाजिक, हास्य, वीर और श्रृंगार रस की कविताएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र बीएन झा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कवियों का शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मान किया। अध्यक्षता खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मांडवी ने की, जिन्होंने स्वयं भी अपनी कविता से श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कविता समाज का दर्पण है और ऐसे आयोजनों से समाज को दिशा मिलती है। यह कार्यक्रम एसईसीएल कर्मियों के एक दिन के वेतन से जुटाई गई निधि से आयोजित किया गया, जो एक सराहनीय सामाजिक प्रयास है। आयोजन में उपाध्यक्ष शब्बीर अली, सचिव इंद्रजीत पाल, सह सचिव विनोद दुबे, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल, ज्ञानेन्द्र पाण्डे सहित आयोजन समिति की पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों और दर्शकों का सम्मान किया गया और आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। एसईसीएल की यह पहल न केवल कविता और संस्कृति को मंच देती है, बल्कि समाज में सौहार्द, एकता और रचनात्मकता को भी मजबूती प्रदान करती है।



### अनुकंपा नियुक्तिः एसपी ने अमित को सौंपा पत्र

**बैकुण्ठपुर।** बीते 4 दिसंबर 2023 को कोरिया में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 295 अनिल लकड़ा का बीमारी के दौरान निधन हो गया था। इनके निधन के पश्चात धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा लकड़ा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत अपने ज्येष्ठ पुत्र अमित लकड़ा को सेवा में लिए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा इस प्रकरण में संवेदनशीलता एवं सहानुभूति के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्त प्रक्रियाओं को नियमानुसार पूर्ण कराया गया। फलस्वरूप 2 मई को अमित लकड़ा को आरक्षक (जीडी) के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। यह नियुक्ति न केवल शोकसंतप्त परिवार को आर्थिक और मानसिक संबल प्रदान करेगी, अपितु दिवंगत अधिकारी के सेवा-समर्पण के प्रति विभाग की कृतज्ञता का प्रतीक भी है। एसपी श्री कुर्रे ने नवनियुक्त आरक्षक को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया, अच्छे काम को लोग रखते हैं याद : एसएसपी

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एएसआई रामजी राम भगत ने 39 वर्ष 1 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर समेत कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जो सरकारी सेवा में है उन्हें एक न एक दिन सेवानिवृत्त होना ही है। उनके द्वारा अपने सेवा काल में किए गए कार्य ही उनकी पहचान है। उनके द्वारा किए गए कार्य से ही उनकी पहचान लंबे समय तक लोगों के जेहन में रहती है। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए एएसआई के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर डीआईजी व एसएसपी ने सेवानिवृत्त हुए एएसआई को साल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया एवं पेंशन स्वीकृति सहित देय स्वत्वों का भुगतान के आदेश सौंपा। वहीं सेवा निवृत्त हुए एएसआई ने सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएसपी पैकरा, डीएसपी महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, डीएसपी अनूप एक्का, थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### बीएमएस नेता मजरूल हक अंसारी समेत 13 कोल कर्मी सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत 13 कोलकर्मी बुधवार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए हैं।सेवानिवृत्त हुए कर्मियों में क्षेत्रीय मुख्यालय में कार्यरत सरस्वती प्रधान,जॉर्ज मैथ्यू,भैयालाल पटेल,अमेरा परियोजना में कार्यरत प्रेम शंकर,आमगांव खदान से शंभूनाथ पांडेय,गायत्री खदान से के.सी टोप्पो, कवल साय कुमदा सहस्रेत्र से मजरूल हक अंसारी,शिवकुमार शर्मा,बुधराम आरजीके सब एरिया से संदीप कुमार पॉल, रीजनल वर्कशॉप से ई. टोप्पो,प्रेम साय के नाम शामिल हैं।

### सुदामानगर में बदमाश ने दुकान में की आगजनी

**बिश्रामपुर।** ग्राम सुदामानगर में बीती रात अज्ञात बदमाशों द्वारा एक दुकान सह मकान में आग लगा दी गई। आगजनी की घटना में एक बड़ा घटना तो टल गया, लेकिन पीड़ित को हजारों रुपए के आर्थिक नुकसान उठाना पड़ गया है।



गौरतलब है कि करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुदामानगर निवासी 33 वर्षीय चुनेश चौधरी के घर एवं दुकान में बीती रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा संदिग्ध रूप से आग लगा दी गई, जिससे हजारों रुपए के मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। घटना बीती रात 1.30 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पीड़ित चुनेश चौधरी अपने परिवार सहित अपनी दुकान सह घर में सोया हुआ था।अचानक दरवाजे के पास से जलने की गंध और दरवाजे पर जलती आग की आहट ने पीड़ित युवक उसे जगा दिया। जब वह बाहर निकला, तो देखा कि दुकान में आग लगी हुई है। उसने तुरंत शोर मचाया और चाचा गुलाब चौधरी के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में दुकान का मेट, डिस्पोजल सामग्री प्लेट, कटोरी, दोना व अन्य सामान जलकर राख हो गए हैं।घटना के तुरंत बाद जब पीड़ित युवक ने आसपास का मुआयना किया, तो एक खाली जर्किन और माचिस जलने के स्थान के पास पड़ी हुई मिली।पीड़ित ने करंजी चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पीड़ित युवक का एक व्यक्ति से जमीन सम्बन्धी विवाद चल रहा है।

### समर एडवेंचर कैंप में बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा


**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में 36 माउंटेन टीम के सहयोग से साहसिक गतिविधियों से भरपूर समर एडवेंचर कैंप का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया।



इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रवेश गोयल, अनवर खान तथा पवन साहू सहित अन्य ने गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में छात्रों के लिए विभिन्न साहसिक गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। जिसमें जिपलाइन, आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, रोप वॉक, रिवर क्रॉसिंग, कमांडो नेट, कमांडो क्रॉल, स्लैकलाइन, मोगली वॉक, जुमरिंग, स्पाइडर नेट, ऑस्ट्रेलियन ट्रॉली, बर्मा ब्रिज, एयरगन शूटिंग, डार्ट बोर्ड, आर्चरी, जॉर्बिंग रोलर, फन गेम्स और टीम बिल्डिंग गतिविधियां शामिल थे। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस भी विद्यालय परिवार द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेहनती सहायक कर्मचारियों को सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, दिन दयाल तिवारी सहित शिक्षक मौजूद रहे और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## विश्व श्रमिक दिवस पर कांग्रेस ने किया श्रमिकों का सम्मान

# कांग्रेस ने मजदूर हितों के लिए देश में लागू की अनेक योजनाएं : पाठक



कांग्रेस कार्यालय में श्रमिकों के साथ कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्रमिक दिवस के अवसर पर 1 मई को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में श्रमिकों का सम्मान कर उन्हें उपहार दिया गया। इस दौरान देश की श्रम शक्ति के उत्थान में कांग्रेस के योगदान और जाति जनगणना की कांग्रेस की मांग पूरी होने से श्रमिक वर्ग के उत्थान पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल श्रमिकों से बात कर उनकी समस्याओं को भी जाना गया। श्रमिकों की ओर से सर्वाधिक प्रमुख मांग आयी उसमें असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कार्य स्थल पर सुरक्षा के साथ ही पेंशन और बीमा को लेकर सरल योजनाओं की आवश्यकता को बतलाया गया।

**खास बात**

■ मनरेगा को लकर केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि देश के श्रमिकों के हित मे कांग्रेस ने देश मे अनेक योजनाएं लागू की, जिससे संगठित और असंगठित सभी क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ। विगत 11 वर्ष के कार्यकाल में मोदी सरकार श्रमिकों के हित में कोई कार्य नहीं कर पाई है। कांग्रेस के द्वारा लाई गई मनरेगा योजना को लगातार कमजोर किया जा रहा है। सरकार की पूंजीवादी नीति के कारण श्रमिकों के साथ ही देश के नौकरी पेशा मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है जबकि पूंजीपतियों की आमदनी में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने संसद में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आभार जताते हुए कहा कि उनके मुहिम और दबाव में मोदी सरकार जातीय जनगणना कराने जा रही है। इसके आंकड़े आने पर सर्वाधिक फायदा श्रमिक वर्ग को होगा। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि विगत 11 वर्ष के मोदीजी के कार्यकाल में श्रमिकों और कृषकों के हित की बात स्थगित हो गई है। आय की असमानता बढ़ी है। जातीय जनगणना की मांग पूरी होने पर उन्होंने राहुल गांधी का आभार जताया है। श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने सभा में मौजूद श्रमिकों को जानकारी दी कि कांग्रेस के कार्यकाल में किस प्रकार श्रमिकों के हिट की योजनाएं बनाई गई और उन्हें लागू किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद श्रमिकों को उन नियमों की जानकारी दी जिनके मदद से श्रमिक कार्यस्थल की सुरक्षा के साथ ही भावी जीवन को भी सुरक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम को अन्य कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, अरविंद सिंह गप्पू, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, शफीक खान, रामविनय सिंह, मेराज गुड्डू, श्रीमती जे कुजूर, लालचंद यादव, अनूप मेहता, असफाक अली, जमील खान, जीवन यादव, रजनीश सिंह, आतिश शुक्ला, शिवप्रसाद अग्रहरि, दीपक मिश्रा, निखिल विश्वकर्मा, मो इमरान, परवेज़ आलम गांधी, रोशन कन्नौजिया, प्रशांत श्रीवास्तव, अमित वर्मा, आशीष शील, मनीष दुबे, शकीला सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

### स्वच्छता कर्मियों को किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल एक आयोजन था, बल्कि मेहनतकश हाथों के प्रति कृतज्ञता का उत्सव भी था।नगर पंचायत बिश्रामपुर के सभागार में हुए इस समारोह में नगर के स्वच्छता कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद रविशंकर बउवा ने किया। मंच पर नगर



पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी पार्षद क्रमशः अमरेश प्रसाद, रंजीत यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, विनोद सरवटे, संजीत यादव, पिंटू यादव, अर्चना लकड़ा, राजकुमार मौर्य, संतोष मिश्रा व अन्य उपस्थित थे। सभी स्वच्छता दीदी और कर्मचारी को सम्मान स्वरूप अंकवस्त्र भेंट किए गए।नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव ने कहा कि शहर को सुंदर बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदान इन्हीं हाथों का है। जो हाथ झाड़ू पकड़े रहते हैं, वही हाथ हमारे समाज की गरिमा बढ़ाते हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जब हम त्यौहार मनाते हैं, तब भी ये दीदियां और भाई अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटते।यह सम्मान एक छोटा सा प्रयास है उन्हें धन्यवाद कहने का।श्रमिक दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब हम श्रमिकों का सम्मान करें,जहां श्रम का सम्मान होता है, वहीं सच्ची प्रगति होती है।इस दौरान नगर पंचायत के रनदीप दास, अरविंद यादव, आकाश सिन्हा, परवेज, हैदर, शशि व अन्य उपस्थित थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट, सड़कों पर अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत राजपुर में लाखों की लागत से लगे स्ट्रीट लाइट व हाई मास्क लाइट लगने के कुछ महीने बाद ही बंद होने लगे है। स्ट्रीट और हाई मास्क लाईट के बंद होने से सड़कों पर अंधेरा है। ऐसे में लोगों में खासी नाराजगी नजर आ रही है। वर्तमान में लगभग एक माह से सडकों पर अंधेरा पसरा हुआ है। अब इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद ने तीन दिनों के भीतर सुधार कराने की मांग की है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत राजपुर में वार्ड क्रमांक 10 पटेल चौक से वार्ड क्रमांक 15 अग्रसेन चौक पानी टंकी तक, वार्ड क्रमांक 6 के प्रमुख मार्ग, पटेल चौक से बाजार पारा मंदिर तक स्ट्रीट व हाई मास्क लाईट लगाए गए है परंतु ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग किया गया। ऐसे में स्ट्रीट लाइट व हाई मास्क लाइट कई जगहों पर बंद पड़ा है जिससे वार्ड कई जगह में काफी अंधेरा पसरा हुआ है। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद विश्वास गुप्ता ने भी नगर पंचायत सीएमओ को पत्र



लिखकर वार्ड क्रमांक 6 में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट का सुधार कार्य करने हेतु तीन दिवस के भीतर आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर सदन में लड़ाई लड़ने के बाद भी समस्या से सुधार नहीं होने के कारण अब सड़क पर लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं। इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत रविंद्र लाल ने बताया कि सर्वे कराया गया हैं, छह वार्डो में लाइट की समस्या की जानकारी मिली है, कहीं पर कार्बन लग गया है कहीं पर तार फाल्ट हो गया हो, मौसम के कारण लाइट का दिक्कत है। ठेकेदार को लेटर लिखा गया है कि 24 घंटे के अंदर लाइट कार्य सुधार करें। ठेकेदार काम नहीं करता है तो उनकी टीडीआर की राशि को जब्त कर सुधार कार्य करवाएंगे।

### नाबालिग का अपरहरण, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** नाबालिग के अपरहण व दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। डवरा चौकी पुलिस से मिली जानकारी 27 अप्रैल को ग्रामीण ने चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गांव में काम करने गया हुआ था और घर पर उसकी पत्नी, पुत्र और नाबालिग बेटी थे। शाम को 7 बजे जब वह काम करके घर लौटा तो पत्नी ने बताया कि नाबालिग बेटी घर में नहीं है। खोजबीन के बाद परिजन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा सूरजपुर जिले के चंदौरा क्षेत्र से नाबालिग को बरामद करने के साथ ही आरोपी चंदौरा निवासी प्रेम उर्फ शीतल पनिका आ. धनसाय को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 64 (2) (ड). 65 व पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत कार्रवाई की है।

## नपं की बैठक में 278 विकास कार्यों के एजेंडे का प्रस्ताव पास

**बिश्रामपुर।** नपं बिश्रामपुर के परिषद की बैठक में 278 एजेंडों पर गंभीरता से चर्चा कर सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों को पारित किया गया। उक्त बैठक नगर पंचायत के सभा कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी पार्षद, प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा एजेंडा सूची प्रस्तुत की गई।बैठक में विभिन्न विकास कार्यों, नगर सुधार योजनाओं और नागरिक हित से जुड़े मामलों पर विस्तृत मंथन किया गया।परिषद की बैठक में 278 एजेंडे पर चर्चा कर नगर विकास को गति देने पार्षदों की सहमति पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के एवज में अब प्रति घर से पचास रुपए प्रति माह वसूली की जाएगी, जो कि अब तक निःशुल सेवा के रूप में चल रही थी। साथ ही सभी चौक चौराहों पर सीसी टीवी कैमरा लगाने,पीएम आवास हेतु भूमि आबंटन की मांग,बस स्टैंड स्थित हॉट बाजार के ऊपरी तल पर दुकान निर्माण, चौपाटी के सौंदर्यीकरण, पासिंग नाला समीप वाटर पार्क निर्माण, छठ घाट व गौरीशंकर मंदिर के पास गेट निर्माण,बस स्टैंड के पास नाली निर्माण,वार्ड नंबर 11 के झुग्गी बस्ती में

■ वर्षों से निः शुल्क चल रही पानी की सप्लाई सुविधा के लिये अब कॉलोनी वासियों को देने होंगे 50 रुपये प्रति घर



पानी टंकी निर्माण व 50 नग विद्युत पोल, वार्ड नंबर 3 में ओपन जीम निर्माण, वार्ड नंबर 6 में स्टेडियम निर्माण, वार्ड नंबर 8 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, सभी बोरिंग के पास पानी टंकी निर्माण कार्य जैसे कई एजेंडे को सर्वसम्मति से पारित किया गया है।परिषद की बैठक में प्रत्येक वार्ड में कचरा संग्रहण व्यवस्था को उन्नत बनाने, कचरा वाहन की संख्या बढ़ाने और स्वच्छता दीदियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया, वार्डों की खराब सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु नए प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। साथ ही जल निकासी की समस्या को देखते हुए सीमेंटेड नालियों के निर्माण का भी प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक में नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, दिपेन्द्र चौहान, सीएमओ सुशील तिवारी, अरविंद यादव, रनदीप दास व अन्य उपस्थित थे।

### बारात में धक्का मुक्की करने से मना करने पर युवक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** ग्राम अमदला निवासी पंकज यादव आ. नंदलाल यादव (25 वर्ष) 18 अप्रैल को बहन प्रिया के साथ ग्राम कुसू बारात गया था। इसी दौरान बारात में नाचने के दौरान ग्राम गौरेयापारा निवासी नंदलाल यादव पंकज की बहन के साथ धक्का मुक्की करने लगा। जिसे देख पंकज ने मना किया तो नंदलाल आ. जगरोपन यादव विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि नंदलाल सहित बारात में शामिल अन्य युवको ने गाली गलौज करते हुए युवक के साथ मारपीट कर फरार हो गए। इधर मारपीट से घायल युवक ने उपचार कराने के पश्चात गत दिन घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।



## सांसद चिंतामणि महाराज ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**कुसमी।** सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा लंबे समय से लोगों की मांग पर अपने मद से 30 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति दी तथा सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज सहित नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, एसडीएम करुण डहरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत ने कहा गया कि कुसमी में सिविल कोर्ट की बहुत ही आवश्यकता थी। आए दिन न्यायालय के मामले में बहुत दिन से राजपुर में सिविल कोर्ट में कुसमी के दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को जाना पड़ता था। ऐसे में कोर्ट के कामकाज में देरी होने से दूरस्थ अंचल के लोग राजपुर जाकर एक ही दिन में अपने घर में नहीं पहुंच पाते थे। कुसमी में एक सिविल कोर्ट की अत्यंत आवश्यकता थी। कुसमी में सिविल कोर्ट खुल जाने से कुसमी से दूरस्थ आदिवासी अंचल के लोग अब कोर्ट में एक ही दिन में न्यायालय का कार्य कराने के पश्चात समयानुसार अपने घर पहुंच सकेंगे। इस दौरान राजेंद्र भगत, अरविंद विश्वकर्मा, ललित यादव, कालिदास राम, शशि टोप्पो, राकेश भारती, विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, बालेश्वर राम, नितेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, श्रवण दुबे, बसंत राम, इंद्रदेव नाग, मो. इरशाद सहित अन्य मौजूद रहे।

## बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स की दुकान नीलामी प्रक्रिया में लगे भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर इन दिनों एक नीलामी विवाद को लेकर सुर्खियों में है। इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद संजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों ने एक बड़ा कदम उठाते हुए कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर बस स्टैंड स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकान क्रमांक 10 की नीलामी प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्षदों ने इस नीलामी को राजस्व हानि और पारदर्शिता की अनदेखी करार दिया है।

■ वार्ड पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नीलामी प्रक्रिया निरस्त कराने की मांग की

सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में पार्षदों ने उल्लेख किया है कि 9 जनवरी 2023 को अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित दुकान क्रमांक 10 की नीलामी की गई थी।इस प्रक्रिया में केवल तीन बोलीदाता ही सामने आए और दुकान महज 7.10 लाख रुपए में सूरज सिंह नामक व्यक्ति के पक्ष में चली गई, जबकि बाजार मूल्य की राशि इससे कई ज्यादा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत की परिषद ने इस विषय पर चर्चा कर सर्वसम्मति से नीलामी को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया था, क्योंकि यह नीलामी उचित प्रतिस्पर्धा के बिना और बाजार दर की तुलना से काफी कम राशि में हुई थी। इससे न केवल नगर पंचायत को राजस्व की हानि हुई, बल्कि शासन की प्रतिष्ठा पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया। ज्ञापन में पार्षद श्री यादव ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि वर्तमान बाजार दर को ध्यान में रखते हुए दुकान क्रमांक 10 की नीलामी को तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पुनः नीलामी की प्रक्रिया आरंभ की जाए जिससे शासन को उचित राजस्व प्राप्त हो सके और जनता का विश्वास शासन में बना रहे।इस मामले के उजागर होने के बाद स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। कई लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर कार्रवाई नहीं की गई तो नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर विश्वास में कमी आएगी।नपं बिश्रामपुर के पार्षद संजीत यादव समेत आधा दर्जन पार्षदों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है।

## ट्रक में लोड गन्ना को किसी और जगह बेचा, दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर निवासी मकसूद आलम ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 मार्च को भिलाई स्थित मिलन चौक के व्यापारी को गन्ना भेजना था, इसके लिए खरसिया चौक के पास एक ट्रक सीजी क्रमांक 04 क्यूए 5721 खड़ा हूआ मिला जो रायपुर की तरफ वापसी भाड़ा खोज रहा था,उक्त गाड़ी चालक से 13 सौ रूपये प्रति टन के दर से गन्ना पहुंचाने का सौदा तय कर 14 टन गन्ना भिलाई के लिए भेजा गया, इसको 23 मार्च को भिलाई पहुंचना था जो समय पर नहीं पहुंचा, डाईवर को फोन लगाने फोन नहीं उठाया, डाईवर के नाम का पता ट्रू-कॉलर पर मोबाईल नंबर के आधार पर मनीष पाण्डेय पता चला जिसने 11 टन गन्ना कीमत 1 लाख 10 हजार रूपये को अन्यत्र स्थान पर बिक्री कर अमानत में खयानत किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट धारा 316(3), 3(5) बीएनएस के तहत लटोरी पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया।



मामले में लटोरी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी चालक समीर केरकेट्टा पिता स्व. रथु उम्र 44 वर्ष एवं उसके साथी तुमनलाल देशलहरे पिता सोलाल उम्र 33 वर्ष, दोनों निवासी चोंगीखपरी, चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने बताया कि गन्ना को निर्धारित स्थान पर न पहुंचाते हुए गन्ना को 47,226 रूपये में बिक्री कर प्राप्त रकम को गाड़ी का किस्त भरने एवं खाने-पीने में खर्च कर दिए।आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ट्रक को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा,अम्बिका सिंह व सुनील एक्का सक्रिय रहे।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के परशुराम भगत में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व प्रथम नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

पूर्व अध्यक्ष अनिल दुबे ने अपनी निजी कारणों से नए कार्यकारणी पर विचार करने का प्रस्ताव रखा जिसमें ब्लॉक कार्यकारिणी के संरक्षकों द्वारा आपसी चर्चा कर सर्व सम्मति से संतोष कुमार पाण्डेय को नए अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई साथ ही जिला सर्व ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. बीएन द्विवेदी एवं जिला संरक्षक राजेंद्र तिवारी द्वारा प्रभात रंजन त्रिपाठी राजन को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई जिसका उपस्थित सभी विप्र समाज ने समर्थन किया। इसके पूर्व समाज के लोगों द्वारा भगवान श्री परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा का संचालन पंडित विराट राज तिवारी एवं पंडित पंकज मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान राजेंद्र दुबे, नरेंद्र शुक्ला, रमाकांत पांडेय, अनिल तिवारी, सत्येंद्र पाण्डेय, डॉ एएन द्विवेदी, जिला सचिव उमेश झा, आनंद पाण्डेय, अभय नारायण, मानू चौबे, राजा मिश्रा,नीरू शर्मा, विद्यानंद दुबे, अनूप दुबे, आकाश दुबे, ऋषभ देवज्ञ आजाद तिवारी, लाला पंडित, सहित महिला समिति से श्रीमती गीता पांडे, माला तिवारी, सुषमा पाण्डेय, विमला पाण्डेय, ममता दुबे सहित सभी विप्र उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने की आदिवासी युवक के परिजन से मुलकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर


भूमाफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में अब कांग्रेस हमलावर हो गई है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष केपी सिंहदेव, पूर्व विधायक डॉक्टर प्रीतम राम, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील सिंह सहित अन्य कांग्रेसियों ने ग्राम भेस्की में मृतक युवक के परिजन से मुलाकात की।

■ ग्राम भेस्की में युवक द्वारा आत्महत्या का मामला, सरकार पर उठाए सवाल

इस दौरान मृतक के परिजन ने



कार्रवाई के दौरान उपेक्षा का आरोप लगाया है और अब तक किसी प्रकार की वित्तीय सहायता सहित महत्वपूर्ण आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से सरकार के संवेदनशील होने और सुशासन की सरकार पर सवाल खड़ा किया है। समूचे घटनाक्रम से कांग्रेस जनों ने अवगत हो स्थानीय लोगों और परिवार जनों की समस्याओं के बारे में कहा है कि सरकार और स्थानीय अधिकारियों तक लंबे समय से सारी बातों को रखा गया है। कई मुद्दों पर बारीकी से जांच नहीं की जा रही है बेनामी संव्यवहार करके अर्जित की जा रही संपत्तियों की सघन जांच की जरूरत है। अभी तक सरकार अथवा प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को कोई भी वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई है साथ ही अब तक महत्वपूर्ण अपराधियों की गिरफ्तारी भी नहीं की जा सकी है। षड्यंत्रकारियों और दलालों को आदिवासियों के ऊपर अत्याचार करने की खुली छूट दी गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार का रवैया समझ से परे है आखिर एक ओर सुशासन का ढोल पीट रही सरकार को इस मामले में स्पष्ट करना चाहिए कि अब तक इस मामले में कोई महत्वपूर्ण गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है प्रशासनिक अधिकारी मौन साधे हुए हैं। भूमाफियाओं द्वारा किए गए संव्यवहारों की कम से कम भेस्की ग्राम में जांच क्यों नहीं कराई जा रही है। आदिवासियों के साथ सिर्फ अन्याय और अत्याचार हो रहा है सरकार पूरी तरह से असफल हो चुकी है और अपराधियों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इस दौरान राजेंद्र भगत, विजय पैकरा, शिवभजन मरावी, पूरन चंद्र जायसवाल, विवेक सिंह, रामकिशुन राम,राजेंद्र श्रीवास्तव, भजन राम, विमलेश, मुन्नाराम सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद थे।




# विश्व मनोरंजन शिखर सम्मेलन कल पंचायत' ने शामिल होकर रचा इतिहास

**मुंबई।** अभिनेता जितेंद्र कुमार और अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक 'पंचायत' के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। कुछ दिन पहले ही निर्माताओं ने 'पंचायत' के चौथे सीजन का ऐलान किया था, वहीं अब 'पंचायत' ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, यह पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वेब सीरीज 'पंचायत' को विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में शामिल कर लिया गया है। 'मेकिंग ऑफ पंचायतः ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग' नाम के इस सेशन में सीरीज के बारे में खास बात की जाएगी।

लाइफ Style

# सायली

## मां का प्रेम सीमाओं से परे...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी शो वीर हनुमान में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे का कहना है कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है और वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। सोनी सब का शो वीर हनुमान एक भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रस्तुति है, जो बाल मारुति के असाधारण रूपांतरण की कहानी है।

आगामी एपिसोड्स में दर्शक एक बेहद भावुक मोड़ देखेंगे, जब अंजनी निःस्वार्थ भाव से अपनी आत्मा पाताल काली को समर्पित कर देती हैं। सिर्फ अपने पुत्र को उसके वास्तविक रूप में लौटाने के लिए। वह इसके लिए अपना जीवन त्यागने को तैयार हो जाती है। जब भगवान हनुमान को इस बलिदान का ज्ञात होता है, वे पाताल लोक की ओर प्रस्थान करते हैं, राक्षसों से भीषण युद्ध करते हैं, जिससे अपनी मां को बचा सकें। शो में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने कहा कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है। 'वीर हनुमान' सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे केवल सोनी सब पर प्रसारित होता है। वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। जैसे अंजनी अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार थीं, वैसे ही हर मां में वह शक्ति होती है कि वह किस्मत को चुनौती दे, असंभव को संभव बनाए और अपने बच्चे की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सके। अंजनी ने अनजाने भविष्य की ओर कदम बढ़ाया, और उसी तरह हर मां अपने बच्चे के लिए असाधारण साहस की शक्ति पा लेती है। यही मां के प्रेम की ताकत है। वह भाग्य को मात देता है और त्याग व साहस की अपनी कहानी खुद लिखता है।



हॉलीवुड मसाला



# एयरिन ने खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'



# गेरी ने डेमी मूर से माफी मांगी

**लॉस एंजिल्स।** साल 1995 में एक हॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई 'द स्कारलेट लेटर'। इस फिल्म में गेरी ओल्डमैन और डेमी मूर ने लीड रोल किए थे। यह फिल्म इसी नाम के चर्चित नॉवेल पर बेस्ड थी। इस फिल्म के सेट पर डेमी के साथ गेरी ओल्डमैन ने काफी खराब व्यवहार किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में गेरी ओल्डमैन बताते हैं, 'मैं उस समय शराब का आदी था और बहुत बुरे दौर से गुजर रहा था। मैं लंच टाइम पर खूब सारी शराब पी लेता था। इसके बाद सेट पर आकर सीन शूट करता था। अगले दिन मुझे अहसास होता कि जो किया वो गलत था। ऐसे में मैंने डेमी मूर से माफी मांगी। मैंने डेमी से कहा कि शायद तुम मुझसे नफरत करती होगी, मुझे माफ कर दो। इस पर डेमी का जवाब था, 'मैं तुमसे नफरत नहीं करती हूं, बस तुम्हारी हालत देखकर निराश हूं।'



# मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एनर्जी ड्रिंक मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसेडर बन गई हैं। केनी डिलाइट्स ने एनर्जी ड्रिंक के बाजार में अपना नया प्रोडक्ट मैडमैक्स लांच किया है और इसके लिए सनी लियोनी को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। मेघा जैन, जिन्होंने केनी डिलाइट्स की नींव वर्ष 2012 रखी थी, हमेशा से ही लोगों को अच्छी और पौष्टिक चीजें देने में आगे रही हैं। अब मैडमैक्स के साथ उनकी कंपनी उन नौजवानों और भाग-दौड़ वाली जिंदगी जीने वालों तक पहुंचना चाहती है, जिन्हें तुरंत एनर्जी की ज़रूरत होती है। मेघा जैन ने कहा कि सनी लियोनी की पहचान और उनकी ऊर्जा हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा यह नया प्रयास पूरे देश में बड़ी पहचान बनाएगा।



# अक्षय की 'हाउसफुल-5' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है।इस बीच मेकर्स ने हाउसफुल 5 का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह, डीनो मोरिया, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है।

टीवी मसाला



# रामायण की 'सीता' को जब काम के आगे नहीं भाया घर-बार...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण भारतीय टेलीविजन का वह पौराणिक धारावाहिक है, जिसने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। इस सीरियल के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में इतनी शिद्दत और सच्चाई से काम किया कि आज भी उनके चेहरे लोगों की स्मृति में बसते हैं। सीता का किरदार निभाने वालीं दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में इस शो से जुड़ी कुछ भावुक यादें साझा कीं, जिन्होंने दर्शकों को एक बार फिर उस दौर में लौटा दिया। दीपिका ने बताया कि रामायण की शूटिंग कोई आसान काम नहीं था। इसके लिए टीम को अपने परिवारों से सालों दूर रहना पड़ा. महाराष्ट्र के बॉर्डर पर स्थित एक लोकेशन पर शूटिंग चल रही थी, जो कलाकारों के घरों से काफी दूर थी। ऐसे में त्योहारों के समय भी घर जाना मुमकिन नहीं होता था।

## सेट पर ही मनाने पड़े त्योहार

दीपिका ने खुलासा किया कि इस धारावाहिक के चलते उन्होंने और बाकी कलाकारों ने लगातार चार साल तक होली-दिवाली जैसा बड़ा त्योहार भी अपने घर पर नहीं मनाया.रामायण और उसके बाद लव-कुश सीरियल की शूटिंग मिलाकर यह सिलसिला लगभग चार साल तक चला. इस दौरान सभी कलाकार त्योहारों पर भी सेट पर ही रहे और वहीं छोटी-छोटी तैयारियों के साथ जश्न मनाया।

### सेलिब्रेशन दर्शकों के लिए था, हमारे लिए तपस्या

इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'दर्शकों के लिए रामायण एक बड़ा उत्सव था, लेकिन हमारे लिए यह एक साधना थी। हमें त्योहारों की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि हम जिस चीज के लिए काम कर रहे थे, वह बहुत खास थी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग की कठिन परिस्थितियों और निजी बलिदानों के बावजूद पूरी टीम ने दिल से काम किया, और जब यह सीरियल लोगों के दिलों में बस गया, तब उन्हें अपनी मेहनत का असली फल मिला।

### कभी नहीं खली कमी

इसी के साथ दीपिका ने कहा कि ये शो उनके और पूरी रामायण की टीम के लिए इतना खास था कि उन्हें ये बात कभी नहीं खली। उनकी मेहनत रंग लाई और आज भी ये भारत के सबसे पसंदीदा टीवी धारावाहिकों में से एक है।

# 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए निर्माता को गिरवी रखनी पड़ी संपत्ति, हुआ करोड़ों का नुकसान

*मुंबई। अक्षय कुमार की पिछले साल आई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ था। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म के जरिए निर्माताओं को करीब 250 करोड़ रुपये का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा था, क्योंकि फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। हाल ही में इस फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी के बताया कि कैसे इसे बनाने के लिए उनके परिवार ने अपनी संपति तक दांव पर लगा दी थी। इंडियन एक्सप्रेस से जैकी ने कहा, मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी सीख रही है। हमने बहुत सारा पैसा निवेश किया और मुझे एहसास हुआ कि सिर्फ पैमाना या स्तर ही काफी नहीं होता। कहीं न कहीं हमें लगा कि जो कंटेंट बनाया गया था, वो दर्शकों को बिल्कुल पसंद नहीं आया। जनता हमेशा सही होती है। इसके परिणाम देख मुझे अहसास हुआ कि फिर से सोचना होगा और समझना होगा कि यह कंटेंट दर्शकों को क्यों पसंद नहीं आया।*

## हमने अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी : जैकी

जैकी बोले, बड़े मियां छोटे मियां की असफलता को मैंने गंभीरता से लिया और भविष्य में कभी ऐसी गलती न करने की कसम खा ली। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझ सकता है कि हमा उस वक्त किस दर्द से गुजर रहे थे। एक परिवार के तौर पर हमने इस फिल्म को बनाने के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी थी। हालांकि, हम जानते हैं कि अब कुछ भी कहने या बोलने का कोई मतलब नहीं है।



**फिल्म ने की थी बस इतनी कमाई :** अक्षय, टाइगर और निर्माताओं के साथ ही इस फिल्म से प्रशंसकों को भी काफी उम्मीदें थीं. लेकिन जब फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी तो सभी की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। पहले दिन फिल्म ने करीब 16 करोड़ रुपये का कारोबार करके कुछ हद तक अच्छे संकेत दिए थे, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई आधी हो गई।

***दो अलग-अलग पीढ़ी के कलाकार भी दर्शकों नहीं लुभा पाए :*** 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने लीड रोल निभाया था। दो अलग-अलग पीढ़ी के सितारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव हो सकता था, लेकिन ये जोड़ी दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने में नाकाम रही। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। यह फिल्म 11 अप्रैल 2024 को ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन फिर भी इसे त्योहार का फायदा नहीं मिल सका।

# बॉलीवुड की ये तीन हसीनाएं जब 'जीरो फिगर' को लेकर हुईं ट्रोल

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेसेज अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं। अपने काम को लेकर वह जितना गंभीर रहती हैं, उतना ही गंभीर वह अपनी फिटनेस को लेकर भी हैं। 'जीरो फिगर' में ढलने और उसे बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। लेकिन कभी-कभी इसी के चलते वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अनुष्का शर्मा, राधिका मदान और डायना हेडन के साथ... ये तीनों एक्ट्रेस ने 1 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके जन्मदिन के मौके पर चलिए आपको बताते हैं कि क्या हुआ जब इन तीनों को 'जीरो फिगर' के लिए खूब ट्रोल किया गया।*

## वजन कम करना राधिका के लिए बना परेशानी



साल 2014 में टीवी सीरियल 'मेरी आशिकी तुम से ही' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली राधिका मदान अब बड़े पर्दे पर धूम मचा रही हैं। अन्य एक्ट्रेस की तरह दिखने के लिए उन्होंने भी वजन कम किया, लेकिन ये उल्टा उन पर ही भारी पड़ गया और वह ट्रोलर्स के हत्थे चढ़ गईं।

## मिस वर्ल्ड डायना हेडन



डायना हेडन ने साल 1997 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। उन्हें अपने करियर में सांवले रंग को लेकर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह अपनी फिटनेस को लेकर भी जानी जाती हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था, जब वह अपने फिगर को लेकर काफी ट्रोल हुई थीं।

## अनुष्का ने ज्यादा वजन कम कर लिया



अनुष्का शर्मा आज इंडस्ट्री का जाना-पहचाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने फिल्मों में अपनी अलग जगह बनाई है। लेकिन 'मटरू की बिजली का मंडोला' में उन्होंने परफेक्ट फिगर पाने के लिए जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लिया था। कई लोगों को उनका ये लुक पसंद आया, तो कई लोगों ने इस पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा- 'इतनी पतली हो गई हो, कहीं गिर न जाओ', वहीं अन्य यूजर ने लिखा- 'बीमार तो नहीं हो आप।'

## जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए

# 'रेड 2': रितेश देशमुख जब पहली बार बने थे विलेन, सहम गए थे दर्शक

*मुंबई। बॉलीवुड में प्राण से लेकर, अमजद खान, अमरीश पुरी, प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर और गुलशन ग्रोवर जैसे कई सितारे रहे, जो अपनी खलनायकी से हीरो पर भी भारी पड़े। क्या आप जानते हैं कि सीधे-सादे सा दिखने वाले अभिनेता रितेश देशमुख जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए। यही नहीं, उनकी वो फिल्म भी जबरदस्त हिट रही। आइए 'रेड 2' में खलनायकी के लिए वाहवाही लूट रहे रितेश की उस फिल्म के बारे में जानें।*

### 'रेड 2' में भी छाए रितेश

फिलहाल रितेश 'रेड 2' के लिए खूब तारीफें लूट रहे हैं। उनकी खलनायकी को एक बार फिर सराहा जा रहा है। उन्होंने नकारात्मक भूमिका में फिर अपनी नई छवि गढ़ी है। अजय देवगन इस फिल्म के हीरो हैं और उनकी पत्नी बनी हैं वाणी कपूर।

### 'एक विलेन' थी वो फिल्म

हमेशा हीरो के साथ साइड रोल में दिखने वाले रितेश को जब पहली बार पर्दे पर खलनायक की भूमिका में देखा गया तो दर्शकों के साथ-साथ समीक्षक भी हैरान रह गए। लोगों को चेहरों पर अक्सर मुस्कान छोड़ जाने वाले रितेश ने साल 2014 में पहली बार फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभाया और सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उनकी खलनायकी न सिर्फ फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा पर भारी पड़ी, बल्कि अच्छे-अच्छों सितारों के पसीने छूट गए।



### रितेश को देख कांप गई थी दर्शकों की रूह

दरअसल, फिल्म में विलेन का किरदार इतना क्रूर था, जिसमें रितेश जैसे सामान्य भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता को देखने के बारे में कोई सोच भी नहीं कर सकता था। इसमें रितेश ने 'राकेश' नाम के एक सनकी सीरियल किलर का किरदार निभाया था, जो लड़कियों को बेरहमी से मौत के घाट उतार देता है। इस रोल को रितेश ने इतनी संजीदगी से पर्दे पर उतारा कि दर्शकों की रूह कांप गई।

**कमाई के मामले में मचाया कोहराम :** एक विलेन में अपनी खलनायकी के लिए रितेश ने कई पुरस्कार जीते थे। इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा और हीरोइन थीं श्रद्धा कपूर। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी। फिल्म का बजट महज 39 करोड़ रुपये था और इसने भारत में 105.76 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 100 करोड़ी बनी इस फिल्म के गाने भी लोगों को खूब पसंद आए थे। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है।

### इन 2 फिल्मों में भी निभाई नकारात्मक भूमिका

एक विलेन के बाद रितेश ने साल 2019 में आई फिल्म 'मरजावां' में विलेन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनका विलेन का किरदार जरा हटकर रहा। फिल्म में उन्होंने एक बौने का रोल किया था, जो की माफिया से जुड़ा है। इसमें सिद्धाथ मल्होत्रा और तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में थे। साल 2014 में रितेश ने मराठी फिल्म 'लय भारी' में डबल रोल किया था। एक रोल सीधे-सादे शख्स का था, तो दूसरा किरदार उनका एक गुंडे का रहा।

## खबर संक्षेप

### दशरथ को मिली आवास योजना की दूसरी किस्त

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रारंभ की गई सुशासन तिहार-2025 आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। भरतपुर विकासखंड के ग्राम तोजा निवासी दशरथ बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त ना मिलने के संबंध में 9 अप्रैल को सुशासन तिहार के अंतर्गत अपना आवेदन जनपद पंचायत में जमा किया था। प्रशासन की तत्परता से उनकी शिकायत को तुरंत संज्ञान में लिया गया और 26 अप्रैल को उनकी दूसरी किस्त उनके बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी गई।

### बुलेट की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**अम्बिकापुर।** गांधी चौक आईटीआई कॉलोनी समीप निवासी जानम खान आ. रशीद मोहम्मद (28 वर्ष) गत दिन बहन गुलजान के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीवी 1985 से अयान मार्ग किसी काम के सिलसिले से जा रहे थे। जैसे ही स्कूटी सवार सदर रोड कदम्बी चौक के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में जानम खान घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट जानम खान ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बुलेट चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### वॉटरफॉल के पास से चोर ले उड़े बाइक

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम पिरई निवासी अनिल टोप्पो आ. फर्दीनंद टोप्पो (26 वर्ष) सुभाष नगर कॉलोनी में रहता है। गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 4713 से दरिमा क्षेत्र स्थित वॉटरफॉल स्नान करने गया था। युवक बाइक को वॉटरफॉल के समीप खड़ा कर स्नान करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### वॉलीबाल में लखनपुर की टीम ने मारी बाजी

**रजपुरीकला।** लखनपुर में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता सीजन 3 का फाइनल मुकाबला लखनपुर व सराय टिकरा के मध्य खेला गया। 5 सेट तक चला रोमांचक मुकाबला में लखनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीत प्रतियोगिता अपने नाम की। लखनपुर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता सीजन तीन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया। बेहतरीन खेल कर प्रदर्शन करते हुए सराय टिकरा, लखनपुर, मोतीपुर, देवी टिकरा की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। वही सेमी फाइनल मैच में विरोधी टीम को पराजित कर लखनपुर व सरायटिकरा की टीम के मध्य गत दिन फाइनल मुकाबला खेल गया। 5 सेट तक चले मुकाबला में लखनपुर की टीम ने मैच जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि विधायक राजेश अग्रवाल ने विजेता टीम को नगद 6 हजार एवं शील्ड तथा उपविजेता टीम को 3 हजार नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया। इस दौरान सज्जन सिंह, नरेंद्र पांडे, राकेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर रजवाड़े, रणविजय सिंहदेव, अनिल सिंह, महेश्वर रजवाड़े, सीएमओ विद्यासागर चौधरी, अमित बारी, संजय गुप्ता, सौरभ अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## मजदूर दिवस पर श्रमिकों का किया गया सम्मान

# सोनहत में 100 दिन की मेहनत पूरी करने वाले मजदूरों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

**बैकुण्ठपुर।** अंतरराष्टीय मजदूर दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सोनहत ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए उन श्रमिकों को सम्मानित किया, जिन्होंने मनरेगा के तहत 100 दिनों की मजदूरी पूरी कर ली है। इस सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत भवन परिसर में किया गया, जिसमें सरपंच मानमती दिनेश सिंह ने मेहनतकश मजदूरों को श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके अविरल श्रम के प्रति आभार जताया। समारोह को संबोधित करते हुए सरपंच मानमती दिनेश सिंह ने कहा कि हमारा समाज श्रमिकों की मेहनत पर ही खड़ा है।

यह सम्मान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उस रीढ़ को प्रणाम है, जो चुपचाप निर्माण में लगी रहती है। मजदूरों का सम्मान समाज को जागरूक और संवेदनशील बनाता है। कार्यक्रम में मौजूद श्रमिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। एक मजदूर ने भावुक स्वर में कहा कि हम रोज मेहनत करते हैं, लेकिन पहली बार हमें ऐसा महसूस हुआ कि हमारी मेहनत को देखा और सराहा गया। यह सम्मान हमारे लिए गर्व और प्रेरणा दोनों है। इस आयोजन के माध्यम से ग्राम पंचायत सोनहत ने यह संदेश दिया कि मजदूर केवल निर्माण नहीं करते, वे समाज की आत्मा हैं। उनकी सराहना समाज को मानवीय बनाती है। पंचायत की यह पहल उस सोच को दशार्ती है जिसमें श्रम को केवल आर्थिक मूल्य नहीं, बल्कि सामाजिक गरिमा का दर्जा दिया गया है। 1 मई को जब विश्व श्रम दिवस मनाया जा रहा था, तब सोनहत ने जमीनी स्तर पर उस भावना को जीवंत किया। यह आयोजन न केवल एक दिवस विशेष तक सीमित रहा, बल्कि यह अन्य ग्राम पंचायतों और समाज के लिए प्रेरणा बन गया।



### मजदूरों का हुआ सम्मान

बरबसपुर। मजदूर दिवस के अवसर पर बरबसपुर स्थित क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशर के सभी मजदूरों का स्वागत कर मिठाई खिलाया गया और उन्हें गमच्छा भेंट किया गया। इस अवसर पर क्रेशर संचालक दुर्गेश पाण्डेय सहित करीब 80 मजदूर उपस्थित रहे।





## संस्थान में मनाया गया श्रमिक दिवस

बैकुण्ठपुर। जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम के दो प्रशिक्षण केन्द्रों पर किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संजीव विश्वकर्मा द्वारा वार्ड पार्षद एवं उपस्थित हितग्राहियों का अभिवादन किया गया। उन्होंने बताया कि मजदूर दिवस भारत में नहीं पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह दिन मजदूरों की मेहनत को याद करने का दिन है, उन्हें सम्मान देने का दिन है। हम सभी किसी न किसी क्षेत्र में मेहनत मजदूरी करते हैं, पर एसी कमरो में बैठकर मेहनत करना और धूप में पसीना बहाना, जमीन आसमान का अंतर है। आज सभी 8 से 10 घंटे काम करते हैं, तो इसके पीछे उन मजदूरों का योगदान है। वार्ड पार्षद कमलावती यादव ने हितग्राहियों को समूह गठन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी को समूह का गठन करना चाहिए, क्योंकि अलग-अलग लोगों को काम मिलने में मुश्किल हो सकती है, पर समूह को कोई कार्य मिलने में आसानी होती है।कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती मोती प्रधान, श्रीमती कलावती यादव, संस्था के डीईओ कृष्णभूषण उपाध्याय, संस्था के प्रशिक्षण कुमारी अमिता बघेल, श्रीमती विमला देवी, श्रीमती सुनीता देवी, श्रीमती रूबिना खातुन, श्रीमती बिंदू सिंह सहित प्रशिक्षण प्राप्त एवं आगे प्राप्त करने वाले हिताग्राही उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ कांग्रेसी शंकर एवं राकेश बने क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि

**डोमनहिल।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने संसदीय क्षेत्र चिरमिरी में जनहित से जुड़े कार्यों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। नगर पालिक निगम चिरमिरी के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शंकर राव एवं एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के लिए कांग्रेस जिला महामंत्री राकेश श्रीवास्तव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद ने स्पष्ट किया कि शंकर राव को नगर निगम क्षेत्र में सांसद की अनुपस्थिति में जनहित से संबंधित मामलों की निगरानी और आवश्यक फीडबैक देने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार राकेश श्रीवास्तव को एसईसीएल क्षेत्र के अंतर्गत जन समस्याओं, श्रमिक हितों एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर संवाद स्थापित कर आवश्यक जानकारी सांसद कार्यालय को उपलब्ध कराने की भूमिका सौंपी गई है। शंकर राव एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हैं, जो वर्षों से कांग्रेस संगठन एवं श्रमिक आंदोलनों में सक्रिय रहे हैं। वे पूर्व में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष समेत कई पदों पर रह चुके हैं, वहीं राकेश श्रीवास्तव युवा नेता के रूप में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में लगातार सक्रिय रहे हैं और क्षेत्रीय जनमुद्दों पर मुखर रहते हैं। इनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा गया। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए दोनों नेताओं ने सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत और वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत का आभार जताते हुए कहा कि जो विश्वास हम पर जताया गया है।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को मिली पुस्तकें

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार 2025 के तहत युवाओं की शिक्षा और भविष्य निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। ग्राम जिल्द बांधपारा निवासी कृष्ण पाल द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे ग्रामीण युवाओं के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग समाधान शिविर में की गई थी। इस जनहितकारी आवेदन को स्कूल शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान में लिया।

शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्वयं कृष्ण पाल और उनके साथियों को प्रतियोगी पुस्तकों का एक सेट भेंट किया। कृष्ण पाल ने समाधान तिहार के दौरान अपने आवेदन में यह बात रखी थी कि गांव के कई युवक व्यापमं द्वारा आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे पिछड़ जाते हैं। इस मांग को प्रशासन ने प्राथमिकता देते हुए युवा प्रतिभाओं के मार्गदर्शन के लिए जरूरी पुस्तकें उपलब्ध कराईं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इस मौके पर कहा कि हमारा प्रयास है कि सुशासन तिहार में मिले हर आवेदनो का निराकरण समय पर हों यही सुशासन का मूल उद्देश्य है। पुस्तकें प्राप्त कर युवाओं ने प्रसन्नता जताई और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, शासन व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह सुशासन तिहार से मिले सहयोग उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और सफलता के द्वार खोलेगा।



पुस्तकें भेंट करती कलेक्टर।

## लखनपुर-उदयपुर क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्कर

**रजपुरीकला।** इन दिनों लखनपुर, उदयपुर क्षेत्र में बगैर अनुमति बड़ी संख्या में नीलगिरी के साथ जामुन एवं अन्य प्रजातियों के पेड़ों का काटा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसे में बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। हालांकि वन विभाग व पुलिस द्वारा पूर्व में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की थी लेकिन अब एक बार फिर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है।

क्षेत्र स्थित जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी जारी है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है। जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर वन विभाग की टीम ने कुछ हद तक तो अंकुश लगाया है लेकिन लकड़ी तस्कर अब ग्रामीणों द्वारा लगाए गए उनके बाड़ी व खेत के नीलगिरी पेड़ के अलावा जामुन सहित अन्य प्रजातियों की कीमती पेड़ पर पड़ गई है जो चंद रुपए देकर पेड़ कटाई कर औने-पौने दाम पर बेच देते है। कुछ इस तरह की स्थिति लखनपुर, उदयपुर परिक्षेत्र की है जहां नीलगिरी की कटाई भारी मात्राओं में किया जा रहा है। इस पर लगाम लगाए जाने हेतु विगत दिन लखनपुर के कुछ लोगों ने लखनपुर थाने में शिकायत कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही करने की मांग की थी। लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाबर लटोरी सहित अन्य क्षेत्रों में विगत दिन बिहार से आए एक ट्रक में भरकर भारी मात्रा में जामुन के पेड़ काटकर परिवहन किया गया। ग्रामीणों द्वारा जब उनके पास पेड़ काटे जाने हेतु परमिशन एवं दस्तावेज की मांग की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी गई परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इधर रात 12 बजे जब ग्रामीण सो गए गतो चालक ट्रक लकड़ी लोड कर फरार हो गया। पेड़ों की अवैध कटाई व किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।



काटे गए जामुन पेड़।

### दूसरे राज्यों में खपा रहे लकड़ी

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों में पेड़ों को बिना अनुमति काटकर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस के अलावा जामुन व अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काट कर ले जाते है।

### की जाएगी कार्रवाई

बिना अनुमति जामुन सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों का काटा जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-**बन सिंह नेताम**, अनुविभागीय अधिकारी

## नपा उपाध्यक्ष ने मंत्री नेताम से मिल कर की मटन मार्केट की मांग



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत में लंबे समय से वार्ड क्रमांक एक स्थित मटन, मुर्गा एवं मछली मार्केट में शेड निर्माण, दुकान निर्माण के संबंध में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह ने मंत्री रामविचार नेताम मुलाकात की स्वीकृत कराने की मांग। उन्होंने बताया गया कि नगर पंचायत प्रतापपुर में मटन, मुर्गा एवं मछली मार्केट जो खुले जगह पर संचालित है।

नवीन बस स्टैंड के समीप स्थित मार्केट में गंदगी तथा कई अन्य समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसी स्थिति को देखते हुए वहां पर शेड निर्माण, सीसी रोड तथा पेय जल का व्यवस्था आवश्यक है। जिस पर मंत्री रामविचार नेताम ने मंडी बोर्ड निधि से उपरोक्त कार्य की स्वीकृत करने की बात कही। मंत्री रामविचार नेताम ने कहां की करोड़ों की सौगात के लिए मंडी बोर्ड परीक्षण कर प्रस्ताव भेजें। जिस पर विभाग के अधिकारियों ने भी उक्त स्थान का अवलोकन कर नगर पंचायत प्रतापपुर द्वारा प्रस्ताव भेजा है। इस पर जल्द ही सुकृति होने की बात कही जा रही है। श्री नेताम ने कहा कि प्रतापपुर के विकास के लिए जो भी संभव होगा उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे और विकास की धाराओं में जोड़ते हुए नगर को और भी विकसित करने में प्रयास करेंगे।

## नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



प्रतापपुर। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर नगर में बड़े ही धूमधाम से विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर विप्र समाज के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, आरती और चालीसा पाठ के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पंडित सुरेंद्र नाथ तिवारी ने भगवान परशुराम के जीवन को त्याग, तपस्या और न्याय का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए। वहीं कार्यक्रम को प्रेम सिंधु मिश्रा, अनुजेश्वर पांडेय, अक्षय तिवारी, वीरेंद्र पांडे, नरेंद्र तिवारी, राकेश मोहन मिश्रा, संत विलास मिश्रा, कौशल दुबे एवं पंडित कृपालनाथ तिवारी समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने भगवान परशुराम के जीवन दर्शन और उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए साहसी, ज्ञानी और धर्म परायण बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और बेगुनाह पर्यटकों की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही भगवान से आतंकवाद के संपूर्ण विनाश और दोषियों को कठोर दंड दिलाने की प्रार्थना की गई। इस दौरान पंडित सीताराम दुबे, वीरेंद्र कुमार पांडेय, जितेन्द्र दुबे, राजेंद्र प्रसाद दुबे, मोहन पांडेय,कृष्ण मुरारी शुक्ला, वासुदेव पांडे, ओम प्रकाश मिश्रा, सतीश चौबे, नीरज तिवारी, राहुल तिवारी, चंदन मिश्रा, प्रवीण चौबे, गुलाब मोहन तिवारी, आनन्द शुक्ला व अन्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
26 जुलाई से 01 अगस्त 2025 (सवान में)
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

हार्दिक आभार!
कोरिया जिले के चरचा कॉलरी के श्रमवीर स्टेडियम में 1 मई 2025 को श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों एवं आयोजन में शामिल लोगों का दिल से आभार आभार...
मुख्य अतिथि- श्री बी. एन. झा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बैकुण्ठपुर क्षेत्र
विशिष्ट अतिथि-श्री जितेन्द्र कुमार, सहक्षेत्र प्रबंधक, चरचा माइन आर.ओ.
कविगण-
* नरेन्द्र मिश्र धड़कन छत्तीसगढ़ मंच संचालक
* राधेश्याम मिश्र कानपुर गीत, राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत
* धर्मेश अविरल फरीदाबाद, हरियाणा ओजस्वी कवि
* विनोद राजयोगी आगरा, उ.प्र. हास्य व्यंग कवि
* दिनेश देहाती महा. हास्य व्यंग कवि
* लक्ष्मण नेपाली नेपाल हास्य व्यंग कवि
* दिनेश गुक्कज प्रतापगढ़, उ.प्र. हास्य व्यंग कवि
* श्रीमती लता शबनम बालाघाट, म.प्र. श्रृंगार कवयित्री
*अतुल उपाध्याय जी सीधी, म.प्र. हास्य गीत कवि
विनीत- अध्यक्ष खान सुरक्षा अधिकारी एम आर मंडावी, उपाध्यक्ष-शब्बीर अली, सचिव-इंद्रजीत पाल, सह सचिव-विनोद दुबे, चन्द्र पाल, कोषाध्यक्ष-ज्ञानेन्द्र पांडेय

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन